प्रादेशिक समाचार

02.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. नयी दिल्ली के अपोलो में इलाजरत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत स्थिर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी दिल्ली रवाना, लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की।

2. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त पाकर राज्य के किसानों में खुशी, पीएम मोदी का जताया आभार।

3. रांची के खेलगांव में 17 सितंबर से तीन दिवसीय ईस्ट टेक डिफेंस एक्सपो का होगा आयोजन, रक्षा राज्य मंत्री ने कहा– झारखंड के युवाओं और उद्यमियों को डिफेंस से जोड़ना लक्ष्य।

4. हजारीबाग पुलिस ने लोगों को अवैध रूप से अमेरिका भेजने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का किया खुलासा, मुख्य आरोपी उदय कुमार कुशवाहा समेत पांच अभियुक्त गिरफ्तार।

5. 134वें डूरंड कप के ग्रुप–सी के लीग मुकाबले में आज नेपाल त्रिभुवन आर्मी एफसी और लद्दाख एफसी के बीच का मुकाबला 1–1 की बराबरी पर समाप्त।

*******************

नयी दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में इलाजरत राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत स्थिर बनी हुई है। उनका हाल जानने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी देवघर से दिल्ली रवाना हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉक्टरों की टीम उनकी कड़ी निगरानी कर रही है। झारखंड से भी डॉक्टरों की एक विशेष टीम दिल्ली भेजी गयी है साथ ही अपोलो चेन्नई से विशेषज्ञ डॉक्टरों को दिल्ली बुलाया गया है। बता दें कि रामदास सोरेन घोड़ाबांधा स्थित अपने आवास में बाथरूम में फिसल कर गिर गए। इससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है।

*******************

राज्य के किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त मिलने पर खुशी जतायी है। साहिबगंज जिले के किसानों ने कहा कि अब उन्हें कृषि कार्यों के लिए साहूकारों या महाजनों से कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

वहीं गिरिडीह के किसानों ने भी किसान सम्मान निधि की राशि पाकर प्रधानमंत्री का आभार जताया है। महिला किसान प्रीति कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह प्रयास हमें आर्थिक मजबूती प्रदान करता है।

इधर, खूंटी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के लाईव प्रसारण कार्यक्रम में जिले के 200 से अधिक किसान शामिल हुए।

*******************

रांची के खेलगांव में 17 सितंबर से तीन दिवसीय ईस्ट टेक डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बताया कि डिफेंस एक्सपो में शामिल होने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रण दिया जाएगा। डिफेंस एक्सपो में रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो और अन्य जिलों के एमएसएमई सेक्टर और स्टार्टअप हिस्सा लेंगे।

*******************

राष्ट्रपति भवन में आयोजित कला उत्सव–2025 में हजारीबाग की दस महिला कलाकारों ने पांच हजार वर्ष से अधिक पुरानी सोहराय और कोहबर कलाकृति को जीवंतता प्रदान करने का प्रयास किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी बनायी तस्वीरों में भारत की आत्मा की झलक है। हजारीबाग के उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद और जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने इसे राज्य के लिए गौरव की बात कही है।

*******************

जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बृज नंदन प्रसाद ने आज हजारीबाग में प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की योजनाओं की समीक्षा की। श्री प्रसाद ने योजनाओं की प्रगति, लाभार्थियों की सहभागिता और जमीनी स्तर पर हो रहे प्रभाव की जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

*******************

हजारीबाग पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अमेरिका भेजने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के सरगना उदय कुमार कुशवाहा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से टाटी झरिया का रहने वाला है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि उदय कुमार कुशवाहा नौकरी दिलाने का झांसा देकर डंकी रूट से लोगों को अमेरिका भेजता था। वह अब तक 12 लोगों को अवैध तरीके से अमेरिका भेज चुका है। उसने इससे करोड़ों रूपये की ठगी की।

*******************

बोकारो शहर में आस्था ज्वेलर्स से डेढ़ करोड़ की लूट कांड मामले में चास पुलिस ने मुख्य अभियुक्त करण कुमार उर्फ़ देवा और अभिषेक कुमार उर्फ भोलू को बिहार के वैशाली जिले से गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी तक नौ अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

*******************

पलामू जिले में आउट ऑफ स्कूल और ड्रॉप आउट बच्चों को जल्द ही विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

*******************

जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे 134वें डूरंड कप के ग्रुप–सी के लीग मुकाबले में आज नेपाल त्रिभुवन आर्मी एफसी और लद्दाख एफसी के बीच का मुकाबला 1–1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। जमशेदपुर की टीम अंक तालिका में प्रथम स्थान पर है।

*******समाप्त********